रिहा

मानसिक बीमारी ने बदली ज़िंदगी की दिशा

पाकिस्तान की जेल से बहन के संघर्ष ने लौटाया बालाघाट का बेटा

नवभारत बालाघाट। कभी-कभी ज़िंदगी इंसान से सब कुछ छीन लेती है घर, पहचान, अपनों की आवाज़ और यहां तक कि वतन की मिट्टी भी।

मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के खैरलांजी निवासी प्रसन्नजीत रंगारी की कहानी कुछ ऐसी ही दर्दनाक लेकिन उम्मीद से भरी है, जिसने बीते सात वर्षों तक पाकिस्तान की जेल में सुनील अदे के नाम से कैद काटी।

31 जनवरी को जब पाकिस्तान से सात भारतीय कैदियों की रिहाई हुई, तब उनमें एक नाम ऐसा भी था, जिसने बालाघाट के एक साधारण से घर में खुशियों के साथ आंसुओं की बाढ़ ला दी। रविवार 01 फरवरी की दोपहर करीब एक बजे खैरलांजी थाना से एक फोन कॉल आया आपके भाई को पाकिस्तान से रिहा कर दिया गया है। यह सूचना मिलते ही बहन संघमित्रा भावनाओं में डूब गई। वर्षों बाद इस बार उसकी आंखों से बहते आंसू ग़म के नहीं बल्कि संघर्ष की जीत और उम्मीद की रोशनी से भरे थे।

भाई की आवाज़ पर पहचान खो चुकी थी

सात साल बाद जब बहन ने भाई की आवाज़ सुनी तो पहचान की डोर कमजोर पड़ चुकी थी। भाई ने बस इतना कहा मेरे पास टिकट नहीं है तुम ही मुझे लेने आ जाओ। यह सुनते ही संघमित्रा फूट-फूट कर रो पड़ी। क्योंकि यह रिहाई किसी चमत्कार से कम नहीं थी। संघमित्रा ने वर्षों तक थानों, कलेक्टर कार्यालय, जनप्रतिनिधियों और मंत्रालयों के चक्कर लगाए। 2021 में पहली बार यह जानकारी मिली कि प्रसन्नजीत जिंदा है और पाकिस्तान की जेल में बंद है। तब से वह अकेली यह जंग लड़ती रही। बीते वर्ष भाई के नाम लिखी उसकी चिट्ठी जब मीडिया में प्रकाशित हुई, तब जाकर यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आया।

परिवार के अनुसार प्रसन्नजीत पढ़ाई में तेज था। पिता लोपचंद रंगारी ने कर्ज लेकर उसे जबलपुर से बी. फार्मेसी की पढ़ाई करवाई। लेकिन मानसिक बीमारी ने उसकी ज़िंदगी की दिशा बदल दी।

वर्ष 2017-18 में वह लापता हो गया और 2019 में पाकिस्तान के बाटापुर क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। बिना किसी आरोप और बिना पहचान के उसे पाकिस्तान की जेल में डाल दिया गया।

दर्दनाक विडंबना यह रही कि जिस दिन पहचान सत्यापन के दस्तावेज पहुंचे उसी दिन पिता का देहांत हो गया। बेटे के इंतजार में उनकी आंखें हमेशा के लिए बंद हो गईं। मां आज भी यही मानती रहीं कि उसका बेटा कहीं न कहीं जिंदा है।

अमृतसर में है लेकिन घर लौटने का इंतजार जारी

फिलहाल प्रसन्नजीत अमृतसर स्थित गुरु नानक देव अस्पताल और रेडक्रॉस भवन में है। छह भारतीय अपने घर लौट चुके हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण प्रसन्नजीत अब भी अपने घर लौटने का इंतजार कर रहा है। दुख इस बात का जरूर रहेगा कि अब बाप-बेटे का मिलन संभव नहीं लेकिन सात वर्षों बाद एक मां की ममता अपने बेटे को फिर से गले लगाने को तैयार है। यह रिहाई एक बहन के संघर्ष, एक पिता के प्रेम में अधूरे इंतजार और एक मां की अटूट उम्मीद की जीत है।

समता सैनिक दल का बौद्धिक शिविर

नवभारत, बालाघाट। परम् पूज्य डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा गठित समता सैनिक दल जिला शाखा बालाघाट के तत्वाधान में दिनांक - 1 फरवरी 2026 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से स्थानीय प्रेरणा बुद्ध विहार जयहिंद टॉकीज के पीछे बालाघाट (म. प्र.) में समता सैनिक दल का एक दिवसीय बौद्धिक शिविर एवं नवनियुक्त पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मार्शल - कनिष्क बोधि सर, केंद्रीय प्रशिक्षक समता सैनिक दल (भोपाल) विशिष्ट अतिथि के रूप में मार्शल - पंजाबराव गजभिये सर, जिला संगठक समता सैनिक दल पांडुरना (म. प्र.) एवं मुख्य वक्ता के रूप में मार्शल - विलास नरांजे सर, राज्य प्रवक्ता समता सैनिक दल महाराष्ट्र यवतमाल एवं अतिथिगणों में - नलिनी वाहने, अध्यक्ष नम्बर 1 महिला मंडल बालाघाट, दयाल वासनिक, अध्यक्ष - फूले अम्बेडकर जयंती समारोह समिति बालाघाट, उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समता सैनिक दल बालाघाट के जिला प्रभारी - शीलरत्न बन्सोड़ द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में

सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध और डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। और त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया गया, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम समता सैनिक दल प्रभारी शीलरत्न बन्सोड़ द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना भाषण दिया गया और बारी - बारी अतिथियों के द्वारा समता सैनिक दल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विस्तार पूर्वक समता सैनिक दल समझाया गया। मुख्य वक्ता - विलास नरांजे ने अपने उदबोधन में बताया कि डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ने समता सैनिक दल का कभी भी पंजीयन नहीं किये और समता सैनिक दल को किसी भी संस्था में विलय नहीं किये। जैसे बाबा साहेब के समय समता सैनिक दल चलता था, वैसे ही हम सही मायने में चला रहे हैं। मुख्य अतिथि मार्शल - कनिष्क बोधि सर ने अपने उदबोधन में बताया कि यह समता सैनिक दल अम्बेडकरी मिशन एवं समाज का रक्षक है। इसलिए अम्बेडकरी समाज के युवाओ को समता सैनिक दल में शामिल होना चाहिए ।तत्पश्चात समता सैनिक दल बालाघाट जिला शाखा - नगर शाखा एवं कुछ ग्राम शाखाओं के नवनियुक्त पदाधिकारीयों को मार्शल - विशाल नरांजे द्वारा समता सैनिक दल की शपथ दिलाई गई। एवं नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर उन्हें समता सैनिक दल की केप पहनाकर सम्मानित किया गया। तथा समता सैनिक दल जिला शाखा बालाघाट द्वारा उपस्थित सैनिक एवं उपासक - उपाशिकाओं को बुद्ध और उनका धम्म तथा बुद्ध चरित्र चंद्रोदय नामक ग्रन्थ नि:शुल्क वितरण किया गया।

6 को होगी शांति समिति की बैठक

बालाघाट। वर्ष 2026 में माह फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई में जिले में विभिन्न धार्मिक पर्व महाशिवरात्रि, होली, गुड़ी पड़वा, चैती चांद, ईद-उल-फितर, रामनवमी, डॉ. अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा आदि पर्व मनाये जाने है। ऐसे में जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 06 फरवरी शाम 05 बजे कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में त्याहारों के दौरान जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने संबंधी समस्त आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। शांति समिति के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए सूचना दी गई है।

पुरुष वर्ग में देहरादून तो महिला वर्ग में भोपाल की टीम विजेता

नवभारत, परसवाड़ा । तहसील परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम चीनी में स्वामी विवेकानंद स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम के खेल परिसर स्थित वॉलीबॉल मैदान में किया गया, जिसका समापन देर रात उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में देहरादून, जयपुर, चंडीगढ़, अयोध्या हॉस्टल, गुजरात एवं एलएनआईपी ग्वालियर की टीमों ने भागीदारी की। वहीं महिला वर्ग में उत्तराखंड, कलकत्ता, जयपुर, राय क्लब उत्तर प्रदेश, भोपाल, रायपुर, बालाघाट एवं चीनी की टीमों ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान दर्शक दीर्घा में हजारों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीणजन देर रात तक मौजूद रहे।

पुरुष वर्ग का फाइनल मैच देहरादून एवं ग्वालियर की टीम के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले के बाद देहरादून की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम की।

वहीं महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में भोपाल की टीम देहरादून की महिला टीम के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

गायत्री शक्ति पीठ मंदिर से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आह्वान

नवभारत, बैहर। विकासखंड बैहर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे माह में धार्मिक स्थलों की महत्वपूर्ण भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 08 जनवरी 2026 को गायत्री शक्ति पीठ मंदिर, बैहर में मंदिर के अध्यक्ष एवं पुजारी द्वारा बाल विवाह के विरुद्ध समाज को जागरूक करने का आवाहन किया गया।

यह कार्यक्रम कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग

श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशन तथा रचना चौधरी (प्रशासक) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गायत्री शक्ति पीठ मंदिर के अध्यक्ष श्री वाय. आर. चौधरी एवं पुजारी श्री निरंजन शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका अथवा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कानूनन दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को बढ़ावा देने, सहयोग करने अथवा छुपाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना एवं कारावास का प्रावधान है। धार्मिक मंच से समाज को यह संदेश दिया गया कि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए बाल विवाह जैसी कुप्रथा को पूर्णत: समाप्त करना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की जानकारी या शंका होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112 अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग को तत्काल सूचना दें। साथ ही बालाघाट जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने हेतु सभी से सहयोग का आह्वान किया गया। इस अभियान में वन स्टॉप सेंटर बैहर की केस वर्कर श्रीमती प्रीति हरिनखेड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्री क्वाटर फाईनल में नागपुर ने जीत तो दिल्ली के खिलाड़ियों ने जीता दिल

अंतिम बाल तक चले रोमांचकारी संघर्ष के बाद खेल प्रेमियों ने नागपुर टीम को कंधे पर उठाकर कराया मैदान का भ्रमण

नवभारत, वारासिवनी। ऑल इंडिया देवधर क्रिकेट ट्रॉफी के प्री-क्वाटर फाइनल मुकाबले में आज क्रिकेट की जीत हुयी। बेहद कडे मुकाबले मे अंतिम गेंद पर आखिर नागपुर टीम ने जीत हासिल की। किंतू दर्शको के स्नेह ने बता दिया की हारने के बाद भी दिल्ली की टीम ने दिल जीतने का काम किया है। आज मैच मे नागपुर के प्रसिद्ध बल्लेबाज उपदेश को मैन आफ द मैच का पुरस्कार पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के हस्ते प्रदान किया गया।

प्रात से ही दो दिग्गज टीमो के मुकाबले को देखने के लिये खेल प्रेमियो का अधिक संख्या मे जमावडा मैदान मे देखा गया।

एल.बी. शास्त्री दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 198 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। शुरुआत में दिल्ली की टीम ने जल्दी अपना पहला विकेट खोया। लेकिन आयुष शंकर ने एक छोर थामे रखा। शंकर ने 42 गेंदों पर 9 चौकों और 2 छक्कों की मदद से शानदार 59 रनों की पारी खेली। मध्यक्रम में देव्यांशु सिंह (33) ने भी उपयोगी योगदान दिया। अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी करने आए शर्री ने विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए मात्र 11 गेंदों पर 31 रनों की तूफानी पारी खेली। इस पारी में 4 चौके और 2 गगनचुंबी छक्के शामिल थे, जिसने टीम को 198 रन पर पहुंचा दिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का नागपुर का फैसला उस वक्त गलत साबित हुआ जब दिल्ली के बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए। नागपुर की तरफ से उत्कर्ष सिंघल और अध्ययन राऊथान ने 2-2 विकेट झटके। कप्तान अगम सिंह ने 3 ओवरों में 41 रन लुटाए, जो टीम के लिए काफी महंगे साबित हुए।

प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबला एक ऐसी जंग साबित हुआ, जिसे क्रिकेट प्रेमी वर्षों तक याद रखेंगे। एल.बी. शास्त्री दिल्ली के 198 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए वी.टी.सी.ए. नागपुर ने आखिरी ओवरों के रोमांच में 2 विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नागपुर की शुरुआत खराब रही और सिद्धेश दांडेवार (1) जल्दी पवेलियन लौट गए। लेकिन इसके बाद मैदान पर उपदेश राजपूत का तूफान आया। राजपूत ने मात्र 54 गेंदों पर 95 रनों की अविश्वसनीय पारी खेली, जिसमें उन्होंने 6 चौके और 8 गगनचुंबी छक्के जड़े। उन्होंने दिल्ली के गेंदबाजों की लय बिगाड़ते हुए मैच को पूरी तरह नागपुर की मुट्ठी में कर लिया। जब मैच निर्णायक मोड़ पर था, तब उपदेश (95) और प्रभकिरात सिंह (18) के आउट होने से रोमांच बढ़ गया। हिमांशु बांते ने भी 16 गेंदों पर 29 रनों की तेज तर्रार पारी खेलकर जीत की नींव रखी थी। अंत में नागपुर ने 199 का स्कोर बनाकर 20वें ओवर की अंतिम कुछ गेंदों में इस पहाड़ जैसे लक्ष्य को फतह कर लिया।

महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम अंतर्गत जागरूकता कार्यशाला आयोजित

नवभारत, बैहर। 3 फरवरी 2026 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बैहर में वन स्टॉप सेंटर बैहर द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उनके अधिकारों से अवगत कराना तथा लैंगिक उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम हेतु अधिनियम की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं कानूनी संरक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि कार्यस्थल की परिभाषा क्या है तथा लैंगिक

उत्पीड़न में शारीरिक संपर्क, अनुचित टिप्पणियां, अश्लील संकेत, अवांछित प्रस्ताव आदि कृत्य शामिल होते हैं। साथ ही प्रत्येक कार्यस्थल पर आंतरिक शिकायत समिति के गठन का प्रावधान एवं असंगठित क्षेत्र या जहां 10 से कम कर्मचारी हों, वहां स्थानीय शिकायत समिति के गठन की जानकारी दी गई।

इसके अलावा पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, शिकायत की जांच की कार्यवाही तथा दोष सिद्ध होने की स्थिति में दंडात्मक प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को कार्यस्थल पर सम्मान, सुरक्षा एवं समानता प्रदान करता है, जिससे वे बिना भय के सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें। इसके माध्यम से लैंगिक उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगती है तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित एवं न्यायसंगत शिकायत निवारण की सुविधा प्राप्त होती है। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों से संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया एवं सभी से अपील की गई कि वे इस अधिनियम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि सुरक्षित, संवेदनशील एवं गरिमापूर्ण कार्यस्थल का निर्माण किया जा सके।

कुपोषित बच्चों के लिए फूड बॉस्केट वितरण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना बैहर अंतर्गत चिन्हित कुपोषित बच्चों को फूड बॉस्केट वितरण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच परीक्षण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री आरएन धुर्वे ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत परियोजना अधिकारी बैहर के मार्गदर्शन में समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके परिवारों को फूड बॉस्केट का वितरण किया जा रहा है। साथ ही गृह भ्रमण कर अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य, संतुलित आहार एवं उचित खान-पान संबंधी आवश्यक समझाइश भी दी जा रही है।

धार्मिक आयोजन, क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण का दे रहा संदेश

कोसमी में संगीतमय शिव महापुराण ज्ञानयज्ञ जारी

नवभारत कटंगी 3 फरवरी। कटंगी तहसील के ग्राम कोसमी में संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान का संचालन पं. हनवत महाराज (खड़गपुर) के सानिध्य में हो रहा है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं।

आयोजन स्थल पर प्रतिदिन प्रात: एवं संध्या काल में शिव महापुराण कथा एवं प्रवचन आयोजित किए जा रहे हैं। कथा के दौरान भक्ति, ज्ञान और संस्कार से ओतप्रोत वातावरण बना हुआ है, जिससे श्रद्धालु भावविभोर होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

विधायक ने कथा का श्रवण किया धार्मिक आयोजन के दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान पं. हनवत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर शिव महापुराण कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों की आस्था और सहयोग की सराहना करते हुए संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ की सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

ग्राम गजपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन- ग्राम गजपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। पंडित भुवनकृष्ण दुबे के मुखारविंद से भागवत कथा का वाचन हुआ, जिसमें ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर अनील पटले, आशु बिसेन, विनय राहंगडाले, सोनू पटले, रवि भगत, देवा राउत, शैलेंद्र ठाकरे, मोनू नेवर, जितेंद्र, राजीराम राऊत, संजय राहंगडाले, नंदू बिसेन, गायनु निनावे, ईश्वरी बिसेन, बुधा जी राहंगडाले सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। ग्रामवासियों के सहयोग और आयोजन समिति की सक्रिय भूमिका से यह धार्मिक आयोजन पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण का संदेश दे रहा है।

संत रविदास जयंती एवं राज्य शाखा दक्षिण उत्तर की समीक्षा बैठक

नवभारत, बालाघाट। जिला मुख्यालय के चैत्य बुद्ध विहार,भैया साहब यशवंतराव आंबेडकर स्मारक पंचशील नगर भोपाल में 01/02/2026 को मानवता के सच्चे प्रहरी संत रविदास जी जयंती समारोह एवं संस्था की दक्षिण उत्तर राज्य की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई,संस्था के राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र राज्य शाखा के पालक मंत्री बी एच गायकवाड गुरुजी के मुख्यातिथि में,आद.गौतम पाटिल सर राष्ट्रीय संगठक भोपाल के प्रमुख आतिथ्य में,डॉ चरनदास ढेंगरे जी प्रदेश अध्यक्ष मप्र दक्षिण(बालाघाट) की अध्यक्षता में,आर सी दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर(शिवपुरी)के स्वागत अध्यक्षता में एवं मप्र के प्रदेश पदाधिकारी एवं विभिन्न जिला शाखाओं के सैकड़ों प्रमुख पदाधिकारी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ इसका सूत्र संचालन द.के महामंत्री डॉ.एवं स्रष्ठ लेफ्टिनेंट कर्नल उत्तम प्रधान जी इंदौर,लखन कुमार दैलवार प्रदेश कोषाध्यक्ष (अशोक नगर) आय व्यय का ब्यौरा बी सी सहारे जी भोपाल के पास जमा किया गया, सी एल बौद्ध पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दतिया एवं रमेश

लोखंडे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष छिंदवाड़ा ने संस्था में शामिल होकर उनके,कार्यकर्ता एवं समाज के साथ किए जा रहे अन्याय और अनियमितता के बारे विस्तार से जानकारी दि इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव गायकवाड गुरुजी मुंबई ने कहा कि सभी ने निष्ठा से धम्म कार्य करना चाहिए,संस्था के सभी को पूरा मान सम्मान मिलता है। आदरणीय गौतम पाटील साहाब ने काहा सी एल बौद्ध साहाब हमारे पुराणे साथी है। वह प्रदेश अध्यक्ष थे ।तभी मैं महासचिव था।आज हमको फीर से एक साथ काम करने का मोका मिला है ।हम दोनों हाथ में हात मीलाकर आदरनिय डॉ भिमराव आंबेडकरजी के साथ तेज गती से काम करेंगे ।समारोह के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि मानवता के अग्रणी संत रविदास जी ने जीवन भर मानव जीवन मंगल मय करने जीवन भर कार्य किया,सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ओ को धम्म संस्था के माध्यम गति से कार्य करने के टिप्स दिए,वर्ष 2026 बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जयंती महू इंदौर में मनाने हेतु सभी जिला शाखाओं को प्रति जिला 10,000/इंदौर में भेजे जाने हेतु टारगेट दिए,महू बाबासाहेब जयंती अवसर पर मप्र शासन की ओर से लगने वाला मंच जो जन्मभूमि के ठीक सामने लगता है,जिससे स्मारक के दर्शन करने वाले हजारों अनुयायियों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है,जनहानि की संभावना बनी रहती,मप्र शासन द्वारा शिक्षा विभाग सर्विस बुक अपडेट करने के दौरान एवं नई जनगणना के पत्रक के धर्म के कॉलम में हिंदू,सिख,ईसाई,मुस्लिम एवं जैन लिखा है,बौद्ध नहीं लिखा,अन्य भी नहीं लिखा जिससे पूरे बौद्ध अनुयाई यो के साथ धोखा है जिससे उनमें भारी आक्रोश बना हुआ है।

कार्यालय, प्राचार्य शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट (म. प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

महाविद्यालय मे डेस्कटॉप कंप्यूटर और लेजर प्रिंटर GeM Portal के माध्यम से क्रय किया जाना है। इस हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है : -

Bid No. and Date	Bid End Date
GEM/2026/B/7179756 Date - 02/02/2026	26/02/2026

निविदा की शर्तों / परिवर्तन आदि कि जानकारी GeM Portal पर ऑनलाईन देखी जा सकती है।

प्राचार्य

शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट (म. प्र.)